Meerut News: फरीदाबाद की टीम ने मेरठ में मारा छापा, नकली कीटनाशक दवा जब्त

जागरण संवाददाता, मोदीपुरम। हनुमान कुंज के एक मकान में जिला कृषि रक्षा अधिकारी के नेतृत्व में फरीदाबाद की टीम ने छापा मारा। टीम ने डीएम की अनुमति के बाद मकान में लगे ताले को तोड़कर अंदर से करीब चार लाख रुपये कीमत की नकली कीटनाशक दवा जब्त की। टीम ने दवा सील कर मकान में ताला लगा दिया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी की ओर से आरोपितों के खिलाफ कंरकखेड़ा थाने में केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, सोमवार को वनस्पति संरक्षण संगरोध एवं संग्रह निदेशालय फरीदाबाद की टीम के डा. जेपी सिंह, वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. विकास हरित और डा. रौनक मुजम्मिल ने सूचना पर नीलकंठ कालेज के पास हनुमान कुंज कालोनी स्थित एक मकान पर पहुंचे। टीम को सूचना मिली थी कि मकान में भारी मात्रा में नकली कीटनाशक दवा भरी हुई है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-meerut-news-fake-pesticide-busted-4-lakh-worth-seized-23948728.html